मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 12/09/2025

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति --521/2025
12 सितंबर 2025
मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, रांची
=====================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज हजरत रिसालदार शाह बाबा दरगाह कमिटी, डोरंडा, रांची के सदस्यों ने शिष्टाचार मुलाकात की। कमिटी ने 11 सितंबर से चल रहे रिसालदार शाह बाबा के पांच दिवसीय 218वां सालाना उर्स मुबारक के तहत 14 सितंबर को चादरपोशी एवं कव्वाली मंच के उद्घाटन समारोह में मुख्य संरक्षक के तौर पर शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया। उन्होंने बताया कि इस दौरान दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के लिए विशेष शोक सभा का भी आयोजन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री से भेंट करने वालों में हजरत रिसालदार शाह बाबा दरगाह कमिटी के सदर श्री अयूब गद्दी, महासचिव मोहम्मद जावेद अनवर, श्री रिज़वान हुसैन, श्री जुल्फिकार अली भुट्टो, मोहम्मद सादिक, श्री पप्पू गद्दी, श्री शाहिद खान, श्री समीर हेजाजी और श्री मुश्ताक आलम शामिल थे।
==========================
#Team PRD(CMO)